क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.) 473001

☎ : 07542-299199 : +91 9406516111 registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक : 78 / प्रशासन / क्रां.ता.वि. / 2026 गुना, दिनांक : 13/04/2026

प्रति,

प्राचार्य
समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय,
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
गुना (म.प्र.)

विषय – स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर डाली जाती है। प्राचार्य सभी छात्रों को इस संबंध में निर्देश जारी करें कि सम्बंधित परीक्षा के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित निर्धारित तिथि के पूर्व भरें।

परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाते समय छात्र एवं महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा चुका है तथा परीक्षा आवेदन पत्र पर **"Payment Done या भुगतान है"** अंकित है।

साथ ही समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय द्वारा Approve किये जाने से पूर्व परीक्षा आवेदन में अंकित विषयों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पाठ्यक्रम से भलीभांति मिलान कर लें। यदि छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र में किसी गलत विषय को Approve किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बंधित महाविद्यालय का होगा।

विशेष :– समस्त महाविद्यालय अपने छात्रों के परीक्षा आवेदनों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में निर्धारित समय–सीमा में जमा करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू महोदय की ओर सादर प्रेषित।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर।
3. प्राचार्य समस्त अग्रणी महाविद्यालय जिला गुना / अशोकनगर / शिवपुरी।

परीक्षा नियंत्रक